RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 11 जनवरी 2023 | वर्ष 05 | अंक 260 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# शिंदे गुट ही असली शिवसेना...

## उद्धव ठाकरे की हुई हार... एकनाथ शिंदे की कुर्सी बरकरार

**पार्टी संविधान, नेतृत्व और बहुमत के आधार पर दिया अयोग्यता का फैसला**

### 16 विधायकों की सदस्यता नहीं होगी रद्द...

मुंबई : उद्धव ठाकरे को बुधवार को बड़ा झटका लगा है। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट के अन्य विधायकों की सदस्यता बरकरार रखी है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा चुनाव आयोग के शिंदे की शिवसेना को असली शिवसेना के बताने के फैसले के आधार पर किया है।

उद्धव ठाकरे के पास एकनाथ शिंदे को पार्टी से हटाने का अधिकार नहीं था। ये अधिकार सिर्फ पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पास है। साथ ही उन्होंने कहा कि शिवसेना का 1999 का संविधान ही सर्वमान्य और सर्वोपरि है। इसमें किया गया संशोधन निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड पर नहीं है।



#### शिंदे गुट को ही असली शिवसेना

राहुल नार्वेकर ने फैसले के दौरान शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने भी शिंदे गुट को ही असली शिवसेना का दर्जा दिया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए मैने निर्वाचन आयोग के निर्णय का भी ध्यान रखा है। बता दें कि उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि शिवसेना का 1999 का संविधान ही सर्वमान्य और सर्वोपरि है। इसमें किया गया संशोधन निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड पर नहीं है।

### ठाकरे के पास नहीं था शिंदे को हटाने का अधिकार...

राहुल नार्वेकर ने कहा, शिवसेना पार्टी प्रमुख के पास किसी को भी पार्टी से निकालने की शक्ति नहीं है। एकनाथ शिंदे को हटाने का अधिकार ठाकरे के पास नहीं था। पार्टी से निष्कासन का फैसला राष्ट्रीय कार्यकारिणी से चर्चा के बाद ही लिया जा सकता था । इसलिए एकनाथ शिंदे को उन्हें विधायी समूह के नेता पद से हटाने का कोई अधिकार नहीं है। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी धड़े द्वारा एक-दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर अपना फैसला पढ़ते हुए नार्वेकर ने यह भी कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के सुनील प्रभु 21 जून, 2022 से सचेतक नहीं रहे।

## गीली पार्टी में दोस्तों के बीच आपस में गाली-गलौज को लेकर विवाद...

### मारपीट में 1 की गोली मारकर हत्या, दो गिरफ्तार... दो फरार



**डोंबिवली :** डोंबिवली-कल्याण-मुरबाड रोड पर म्हारल गांव में शराबी दोस्तों की एक गीली पार्टी चल रही थी। जब शराब पार्टी जोरों पर थी तो दोस्तों के बीच आपस में गाली-गलौज को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर एक ने देशी कट्टे से राजन उर्फ जानू येरकर की गोली मारकर हत्या कर दी. इस घटना के बाद तालुका पुलिस ने कुछ ही घंटों में रोहित भालेकर और समीर चव्हाण दोनों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस परवेज शेख और सुनील वाघमारे की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि इनमें से तीन अपराधी हैं. रोहित भालेकर, परवेज शेख, सुनील वाघमारे, समीर चव्हाण और राजन येरकर कल्याण के पास म्हाराल गांव के सूर्यनगर इलाके में शराब पी रहे थे।

## मुंबई में गुंडागर्दी, पब में बंदूक लेकर घुसे किया महिलाओं से दुर्व्यवहार... 2 अरेस्ट



**मुंबई :** मुंबई के एक पब में लाइसेंस वाली रिवॉल्वर लेकर घुसने और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सोमवार देर रात को उपनगरीय अंधेरी के अंबोली इलाके में स्थित एक पब में हुई। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में 23-वर्षीय केबल ऑपरेटर और सूखे मेवे का 56-वर्षीय विक्रेता शामिल है। अधिकारी के अनुसार, दोनों पब में घुस गए और वहां के सुरक्षाकर्मियों को धमकाया तथा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। केबल ऑपरेटर के खिलाफ पहले से ही छह मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और रिवॉल्वर जब्त कर ली। उन्होंने बताया कि आरोपी मालवानी और जोगेश्वरी इलाकों के निवासी हैं। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 341 (गलत तरीके से रोकना), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 509 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्दों, भाव भंगिमाओं का इस्तेमाल) और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## अजित पवार ने डीपीसी मसौदा को दी मंजूरी...

**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बुधवार को पुणे जिले के लिए कुल 1128.84 करोड़ रुपये की जिला योजना समिति (डीपीसी) मसौदा योजना को अपनी मंजूरी दे दी। यह निर्णय डीपीसी की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री पवार ने मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में की। इस दौरान, 2024-25 के लिए विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थियों के हित में चलायी गई योजनाओं के विकासात्मक कार्यान्वयन के लिए कुल 1128.84 करोड़ का बजट रखा गया है। इस बैठक में सहकारिता मंत्री दिलीप वलसे पाटिल, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांतदादा पाटिल, विधान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. नीलम गोरे और मंत्रालय से सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गद्रे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



बैठक में जानकारी दी गयी कि सामान्य योजना के तहत वर्ष 2023-24 के दौरान 590 करोड़ रुपये (83.72 प्रतिशत) धनराशि खर्च की गई है। प्रशासनिक मान्यता और वितरित निधि के मामले में पुणे जिला राज्य में पहले स्थान पर है। अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत 12.80 प्रतिशत तथा जनजातीय उपयोजना के अंतर्गत 52.95 प्रतिशत धनराशि व्यय की गयी है। मार्च के अंत तक सौ प्रतिशत राशि खर्च करने की योजना बनाई गई है।

## ठाणे में हत्या की साजिश नाकाम, 3 आरोपी गिरफ्तार, हथियार जब्त!

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या की साजिश रचने को लेकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से हथियार तथा विस्फोटक जब्त किए। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। शहापुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को सोमवार रात मुंबई-आगरा राजमार्ग पर रतनडेल गांव में एक ऑटो-रिक्शा स्टैंड के पास से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनके पास से तलाशी के दौरान तीन चाकू, एक हथगोला, जिलेटिन की दो छड़ें, एक डेटोनेटर आदि बरामद किया। अधिकारी के अनुसार पूछताछ के बाद



सामने आया कि उन्होंने एक स्थानीय निवासी की कथित तौर पर हत्या करने की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति एक आरोपी की बहन का रिश्तेदार था और उसने अरोपी की बहन के पति की मौत के बाद उससे दुर्व्यवहार किया था। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने बीते दो सप्ताह में हथियार और विस्फोटक हासिल किए। उनकी योजना व्यक्ति को उस वक्त पकड़ने की थी जब वह कलामगांव के एक कारखाने से काम के बाद घर लौट रहा था।

तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक साजिश), 286 (विस्फोटक पदार्थ के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण), 34 (सामान्य इरादा) और शस्त्र अधिनियम तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि दो आरोपी ठाणे के भिवंडी के रहनेवाले हैं जिनकी उम्र 30 और 33 वर्ष है जबकि 40 वर्षीय एक अन्य आरोपी भांडुप का रहनेवाला है।



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## उड़ान का सही मार्ग...!

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने थोड़े विलंब से ही सही लेकिन एक अहम सुधार करते हुए सभी विमानन कंपनियों के लिए उड़ान सेवा समय सीमा यानी फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) में नए नियमन जरूरी किए हैं। ये नियम एक जून से प्रभावी होंगे। नए मानकों में आराम की लंबी अवधि, कम अवधि की रात्रिकालीन सेवा और लैंडिंग के नियम शामिल हैं और यह जरूरी किया गया है कि विमानन कंपनियां तिमाही आधार पर थकान संबंधी रिपोर्ट पेश करें। नए मानक वैश्विक मानकों के अधिक करीब हैं। यह लंबे समय से होना लंबित था क्योंकि भारत दुनिया के सबसे तेज विकसित होते विमानन बाजारों में शामिल है और देश के प्रमुख हवाई अड्डों में भीड़ खतरनाक रूप से बढ़ रही है। तेजी से बढ़ते प्रतिस्पर्धी और पूंजी के गहन इस्तेमाल तथा कम मार्जिन वाले इस क्षेत्र में विमान चालकों की थकान आम है। एफडीटीएल नियमन के मामले में भारत दुनिया के सबसे खराब प्रदर्शन वाले देशों में शामिल है। अब साप्ताहिक अवकाश की अवधि को भी 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया है और रात की परिभाषा को एक घंटे बढ़ाकर मध्य रात्रि से सुबह छह बजे तक कर दिया गया है। उड़ान की अधिकतम अवधि तथा उड़ान परिचालन के लिए अधिकतम समय को क्रमशः आठ घंटे और 10 घंटे तक सीमित किया गया है। उड़ान अवधि से तात्पर्य है एक उड़ान में लगने वाला समय जबकि उड़ान सेवा से तात्पर्य है वह समय जो एक के बाद एक उड़ानों के संचालन में लगता है। रात में जहां पहले छह लैंडिंग की इजाजत थी वहीं अब इन्हें घटाकर दो कर दिया गया है। विमानन क्षेत्र की निगरानी करने वाली संस्था ने अगस्त में उस समय एफडीटीएल प्रक्रिया शुरू की थी जब एक विमान चालक की उस समय हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी जब वह उड़ान भरने ही वाला था। उसके निधन के बाद विमान चालकों का गुस्सा उबल पड़ा था। उनका दावा था कि विमानन कंपनियां थकान को लेकर उनकी शिकायतों की अनदेखी करती हैं। एयर इंडिया (पूर्व में सरकारी कंपनी) के अलावा किसी विमानन कंपनी में विमान चालकों का संगठन नहीं है जो इन मुद्दों पर प्रबंधन के साथ बातचीत करे। नए एफडीटीएल नियम उन नियमों की जगह लेंगे जो 2019 में लागू किए गए थे और जिनके तहत 2011 में लागू नियमों को शिथिल किया गया था। उदाहरण के लिए 2019 में डीजीसीए ने विमान चालकों को इजाजत दे दी थी कि वे एक सप्ताह में लगातार दो रातों तक यात्री उड़ान संचालित कर सकते हैं। उड़ान के बाद उनके आराम की अवधि भी 54 घंटों से घटाकर 24 घंटे कर दी गई थी। एयर इंडिया के विमान चालक संगठनों में से एक ने 2019 के नियमों को अदालत में चुनौती दी थी जिसकी सुनवाई अभी चल रही है। इसके अलावा 2019 के नियमों के तहत विमानन कंपनियों को 'अप्रत्याशित परिस्थितियों' में विमान चालकों की उड़ान अवधि को 4.5 घंटे तक और उड़ान सेवा अवधि को अधिकतम नौ घंटे तक बढ़ाने की इजाजत दी गई थी। ऐसा 28 दिनों तक किया जा सकता था। 2011 के नियमों के तहत उड़ान समय के लिए तीन घंटे और उड़ान सेवा के लिए छह घंटे की अवधि निर्धारित थी जो 30 दिनों के लिए थी।

नए नियम कुछ हद तक विमान चालकों की थकान की दिक्कत को कम करेंगे। परंतु काफी कुछ इस बात पर निर्भर होगा कि विमानन कंपनियों के प्रबंधन का रुख क्या रहता है। नए मानकों के तहत उन्हें अधिक विमान चालकों की भर्ती करनी होगी। विमान चालकों की कमी को देखते हुए यह कवायद ऐसे समय में लागत में इजाफा करेगी जब बड़ी विमानन कंपनियों को विमानों के ऑर्डर के लिए भारी धनराशि चुकानी है। थकान संबंधी रिपोर्ट की बात करें तो एक महीने में चार या पांच रिपोर्ट देने वाले विमान चालकों को चिकित्सा अवकाश पर भेज दिया जाता है। जाहिर है अधिकांश विमान चालक ऐसा करने से बचना चाहते हैं क्योंकि उन्हें उड़ान भत्ता गंवाना पड़ सकता है जो उनकी आय का बड़ा हिस्सा होता है। डीजीसीए का अगला कदम विमान चालकों की थकान के मामले में सटीक जानकारी मुहैया कराने की मजबूत प्रक्रिया तय करना हो सकता है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# गूगल मैप पर रिव्यू के लिए पैसे का लालच, साढ़े तीन लाख की ठगी



**नवी मुंबई:** वर्तमान में कई लोगों को यह संदेश मिल रहा है कि "Google मैप पर समीक्षा लिखें" और प्रति समीक्षा 150 रुपये कमाएं। कामोठे में रहने वाले एक युवक ने ढेर सारा पैसा मिलने की उम्मीद से काम करना शुरू किया लेकिन पैसा मिलने की बजाय युवक से 3 लाख 65 हजार रुपये ठगने की बात सामने आई है. इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और साइबर विभाग आगे की जांच कर रहा है.

कामोठे में रहने वाले विश्वजीत कोलेकर को 6 दिसंबर को उनके मोबाइल फोन पर एक मैसेज आया, जिसमें लिखा था कि 'गूगल मैप पर रिव्यू लिखें' और इसमें लिखा था कि उन्हें प्रति रिव्यू 150 रुपये मिलेंगे। एक Google लिंक भी प्रदान किया गया था। मुझसे कहा गया कि उस लिंक को खोलो और उस पर एक रिव्यू लिखो और एक स्क्रीन शॉट भेजो. साथ ही स्क्रीन शॉट भेजने के बाद टेलीग्राम पर कंपनी के स्वागतिका से संपर्क करने के लिए एक लिंक भी दिया गया। इसी तरह विश्वजीत ने रिव्यू देते हुए अपना स्क्रीन शॉट भेजा और कंपनी स्वागतिका से संपर्क किया। कुछ देर बाद विश्वजीत को ऑनलाइन 150 रुपये मिले। जिस खाते से पैसे आए उसका नाम परी मिश्रा था, विश्वजीत को दूसरे समूह की भर्ती करने और कुछ समीक्षा (कार्य) करने के लिए कहा गया था। ऐसे कई बार बताने के बाद भी जब पैसे नहीं आए तो विश्वजीत ने उनसे संपर्क किया तो उन्हें प्रीपेड अकाउंट खुलवाने और तुरंत पैसे मिलते रहने की बात कही गई.

अलग-अलग कारण बताकर मांगे गए 10,000 से 50,000 तक 9 बार पैसे भेजे गए, कुल मिलाकर 10,000 से 50,000 रु. लेकिन फिर भी रिव्यू का भुगतान नहीं किया गया और यदि भुगतान किया भी गया तो जब भुगतान की मांग की गई तो संपर्क बंद कर दिया गया। आखिरकार ठगे जाने का एहसास होने पर विश्वजीत की ओर से थाने में दी गयी शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया.

# नवी मुंबई में मनसे के दो गुटों के बीच खींचतान...

**नवी मुंबई:** देखने को मिला कि मंगलवार शाम करीब सात बजे नवी मुंबई में महाराष्ट्र निवनिर्माण सेना के दो गुटों के बीच झगड़ा हो गया. पार्टी के शीर्ष कार्यकर्ता संगठन मराठी कामगार सेना को मनसे से निष्कासित कर दिया गया है। इससे पहले मथाडी संगठन के नेता महेश जाधव ने आरोप लगाया था कि एमएनएस नेता अमित ठाकरे ने उनकी पिटाई की है. इसके बाद श्रमिक वर्ग आक्रामक हो गया। खारघर के मेडिकेयर भारती अस्पताल के बाहर एमएनएस के दो गुट आपस में भिड़ गए. इसी अस्पताल में महेश जाधव का इलाज चल रहा है. उनके समर्थक अस्पताल के बाहर खड़े थे. शाम के समय मनसे के कुछ कार्यकर्ता इस अस्पताल के पास आये, इस बार इन कार्यकताओं ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें वहां से भगा दिया.

# श्रमिक उत्पीड़न मामले में पालघर में एक गन्ना मजदूर सुरक्षित घर पहुंचा... चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज




**पालघर:** पालघर के जव्हार, मोखाडा तालुका के मजदूर जो कटाई के काम के लिए सतारा गए थे, उन्हें श्रम जीवी संगठन की एक टीम ने सुरक्षित बचा लिया। मजदूरों पर अत्याचार करने के आरोप में सतारा के कोरेगांव पुलिस स्टेशन में चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. अक्टूबर 2023 में जव्हार और मोखाडा तालुका से कुल 10 परिवार उस्तोदी काम के लिए सतारा गए थे। इनमें से चार परिवार ठेकेदार तेजस यादव के लिए और छह परिवार ठेकेदार नामदेव खरात के लिए काम कर रहे थे। इसी बीच ठेकेदारों ने मजदूरों से अभद्रता शुरू कर दी। तेजस यादव के यहां काम करने वाले चार परिवार समय पर वेतन नहीं मिलने, तय समय से अधिक काम लेने, गाली-गलौज और मारपीट के कारण काम छोड़कर घर लौट आये. इसके चलते तेजस यादव ने बाकी छह परिवारों के मुखिया कृष्णा नाडगे पर आरोप लगाया. साथ ही ठेकेदार नामदेव खरात की मिलीभगत से कृष्णा नाडगे को छह दिनों तक एक कमरे में बंद रखा और लकड़ी के डंडे से पीटा. कृष्णा नाडगे ने इसका वीडियो बनाकर मीडिया पर वायरल कर दिया. इसके बाद इस बात का खुलासा हुआ. श्रम जीवी संस्था की एक टीम ने मौके पर जाकर मजदूरों को बचाया. इस संबंध में सतारा के कोरेगांव पुलिस स्टेशन में ठेकेदार सहित चार अन्य लोगों के खिलाफ बंधुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम, अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# वायरल लेटर के मामले में नागपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया

**मुंबई:** मुंबई पुलिस ने दावा किया कि मुंबई पुलिस बल के एक अधिकारी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाला पत्र फर्जी था। इस मामले में महिला पुलिस की शिकायत के आधार पर नागपाड़ा थाने में मानहानि और फर्जी दस्तावेज तैयार करने का मामला दर्ज किया गया है. इसके अलावा मामले की जांच संयुक्त पुलिस आयुक्त रैंक का एक अधिकारी कर रहा है. मुंबई पुलिस बल के एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाला एक पत्र सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था। प्रसारित पत्र पर आठ महिला पुलिसकर्मियों के हस्ताक्षर नजर आ रहे हैं। जब संबंधित महिला पुलिस से पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि इस पत्र में हस्ताक्षर उनके नहीं हैं. मुंबई पुलिस के डिप्टी कमिश्नर विशाल ठाकुर ने कहा था कि कुछ सामाजिक कार्यकताओं ने जानबूझकर पुलिस अधिकारियों को परेशान करने के लिए पत्र प्रसारित किया। अब जिस महिला पुलिस अधिकारी के नाम पर पत्र लिखा गया था, उसकी शिकायत के आधार पर नागपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# महाराष्ट्र की पहली महिला डीजीपी के तौर पर रश्मि शुक्ला ने संभाला कार्यभार

**मुंबई :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की वरिष्ठ अधिकारी रश्मि शुक्ला ने मंगलवार को महाराष्ट्र की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का पदभार संभाल लिया। वह राज्य की पहली महिला डीजीपी हैं। रश्मि शुक्ला ने मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर से पदभार ग्रहण करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और साइबर अपराध पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकताओं में होगा।



उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी को राज्य के लिए एक बड़ा खतरा करार दिया। डीजीपी शुक्ला ने कहा, '' मैं कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए सभी सकारात्मक कार्य करना जारी रखूंगी। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और साइबर अपराध पर अंकुश लगाना मेरी प्राथमिकता होगी। हर महिला को सड़क पर सुरक्षित महसूस करना चाहिए। किसी के साथ अन्याय नहीं किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि पुलिस राजमार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में लोगों को जागरुक करेगी। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के मराठा समुदाय के लोगों से 20 जनवरी को मुंबई में इकट्ठा होने के आह्वान के बारे में पूछे जाने पर शुक्ला ने कहा कि वह इस संबंध में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। शुक्ला ने 31 दिसंबर, 2023 को पद से सेवानिवृत्त हुए रजनीश सेठ का स्थान लिया है। वह 1988 बैच की भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं। इससे पहले वह प्रतिनियुक्ति पर सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक के पद पर तैनात थीं।




# मुंबई में जोरदार बारिश, ठंड का आगाज, IMD की मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र में भी चेतावनी...!



**मुंबई:** मुंबई में मंगलवार देर रात जोरदार बारिश हुई। अंधेरी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा और बोरीवली सहित पश्चिमी उपनगरों के कई इलाकों में भी मध्यम से भारी बारिश हुई। इसके चलते तापमान में काफी गिरावट आई है। साथ ही मुंबई में सर्दी का आगाज हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बारिश अरब सागर में बने कम दबाव के कारण हुई है। आईएमडी मुंबई के प्रमुख सुनील कांबले के मुताबिक, मंगलवार दोपहर से मुंबई के ऊपर बादल छाए हुए थे। देर शाम से बारिश शुरू हो गई और अरब सागर में बनी एक ट्रफ रेखा महाराष्ट्र और गुजरात के बीच फैल गई है, जिसके कारण बारिश हुई है।

**महाराष्ट्र के इन इलाकों में भी बारिश की संभावना**

कांबले ने कहा कि मुंबई के साथ-साथ रायगढ़, रत्नागिरी जैसे कोंकण जिलों में बारिश हो सकती है और बुधवार से तापमान में भी गिरावट हो सकती है। जलवायु के असामान्य चक्र की आशंका जताते हुए आईएमडी ने मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र के जिलों के लिए हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की थी।

# मनपा अस्पतालों में लागू होगा जीरो प्रिस्क्रिप्शन पॉलिसी, मनपा आयुक्त ने दी 1000 करोड़ रुपये की मंजूरी

## अस्पतालों में 4000 किस्म की दवा मरीजों को मिलेगी मुफ्त



**मुंबई :** मनपा अस्पतालों में अब मरीजों को 4 हजार प्रकार दवाइयां मरीजों को मुफ्त में मिलेगी। मनपा प्रशासन ने अपने मुख्य अस्पतालों में शुरूआत मेंजीरो प्रिस्क्रिप्शन पॉलिसी लागू करने जा रही है। जीरो प्रिस्क्रिप्शन पॉलिसी के अंतर्गत मरीजों को मनपा अस्पतालों में आवश्यक दवाएं निःशुल्क मिलेंगी। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल मुफ्त में दवाइयाँ उपलब्ध कराने के लिए 1000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त डॉ. सुधाकर शिंदे ने बताया कि मनपा अस्पतालों में अभी तक 1000 दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर मनपा अब और 3000 दवाओं को शामिल किया जाएगा। मनपा अस्पतालों में अब 4000 प्रकार की दवाइयाँ मरीजों को मुफ्त में मिलेगी। मनपा अस्पतालों से आवश्यकता के अनुसार दवाओं की लिस्ट मंगा ली गई है और दवाओं की खरीदी के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू है। दवा खरीदी के लिए डेढ़ महीने का समय लग सकता है। मनपा जीरो प्रिस्क्रिप्शन पॉलिसी लागू करने वाली देश की पहली महानगरपालिका बनेगी । शुरूआत में मनपा इस पॉलिसी को अपने मुख्य अस्पतालों में लागू किया जाएगा। बता दें कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पिछले दिनों घोषणा की थी कि मनपा अस्पतालों में 20 जनवरी से जीरो प्रिस्क्रिप्शन पॉलिसी लागू होंगे।

### एक साल में 68 लाख मरीजों का होता है इलाज :

**मनपा के रिकॉर्ड के अनुसार मनपा के प्रमुख अस्पतालों में केईएम, सायन, नायर और कूपर अस्पतालों सहित उपनगर के अस्पतालों को मिलाकर मरीजों के इलाज के लिए कुल 7100 बेड हैं। इन अस्पतालों की ओपीडी में एक साल के भीतर लगभग 68 लाख 21 हजार रोगियों का इलाज किया जाता है। इस तरह प्रतिदिन इन अस्पतालों के ओपीडी में औसतन 21,300 मरीजों का इलाज किया जाता है। अस्पताल में लाखों मरीजों का अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जाता है। जबकि करीब डेढ़ लाख मरीजों की सर्जरी होती है।**

# पाक की जेल में बंद है मुंबई हमले का मास्टरमाइंड हाफिज सईद, भारत के प्रत्यर्पण की मांग पर संयुक्त राष्ट्र का अपडेट



**मुंबई :** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड और प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का मुखिया हाफिज सईद पाकिस्तान में जेल में है और टेरर फंडिंग (आतंकी वित्तपोषण) के सात मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद 78 साल की कैद की सजा काट रहा है। दिसंबर में भारत ने पाकिस्तान से संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी सईद के प्रत्यर्पण के लिए कहा था। लश्कर-ए-तैयबा का भी संस्थापक हाफिज सईद कई आतंकी मामलों में भारतीय जांच एजेंसियों का वांछित है। सईद को दिसंबर 2008 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र की समिति की ओर से कहा गया कि 12 फरवरी 2020 से सईद पाकिस्तान में जेल में बंद है और 78 साल की कारावास की सजा काट रहा है। पिछले महीने सुरक्षा परिषद समिति ने अपनी आइएसआइएल (दा-एश) और अल-कायदा प्रतिबंध सूची में आतंकवादियों और समूहों की संपत्ति फ्रीज करने, यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध के तहत कुछ प्रविष्टियों में संशोधन किया था।

इनमें इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य रहे और हाफिज सईद के डिप्टी हाफिज अब्दुल सलाम भुट्टावी की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकी घोषित भुट्टावी ने 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के लिए लश्कर हमलावरों को प्रशिक्षित दिया था। वह दो मौकों पर लश्कर प्रमुख के रूप में भी काम कर चुका था। पिछले साल मई में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की जेल में उसकी मौत हो गई थी।

# लिंग परिवर्तन सर्जरी के लिए कोई सब्सिडी नहीं

## निजी अस्पतालों की लागत के कारण निराश हैं जिन्हें इन सर्जरी की सबसे अधिक हैं आवश्यकता...



**वसई:** चूंकि राज्य में लिंग परिवर्तन सर्जरी के लिए कोई सब्सिडी नहीं है, इसलिए इसे किसी भी सरकारी योजना में शामिल नहीं किया गया है। इन सर्जरी के लिए निजी अस्पतालों में लाखों रुपये खर्च होते हैं। इसलिए, तीसरे पक्ष जिन्हें इन सर्जरी की सबसे अधिक आवश्यकता है, उन्हें इनसे वंचित रहना पड़ता है। लिंग परिवर्तन सर्जरी से पहले काउंसलिंग जरूरी है। वास्तविक सर्जरी और सर्जरी के बाद के उपचार दोनों की आवश्यकता होती है। इसमें डेढ़ से दो महीने का समय लगता है और पूरी प्रक्रिया में करीब 3 से 5 लाख का खर्च आता है. इन सर्जरी पर अभी तक सब्सिडी नहीं मिलती है। महात्मा फुले जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत योजना या मुख्यमंत्री सहायता कोष से कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं है। इसलिए ये सर्जरी निजी अस्पतालों में करानी पड़ती है।

दो साल पहले यह घोषणा की गई थी कि लिंग परिवर्तन सर्जरी को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जाएगा। लेकिन सामाजिक कार्यकर्ता प्रिया पाटिल ने कहा कि इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है. अन्य राज्यों में लिंग परिवर्तन सर्जरी पर सब्सिडी दी जाती है। सामाजिक कार्यकर्ता दिशा पिंकी शेख ने मांग की कि ऐसी सब्सिडी महाराष्ट्र में भी मिलनी चाहिए. रोगी मित्र राजेंद्र दाघे ने मांग की कि अंग प्रत्यारोपण श्रेणी के मानदंड लागू करके महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना या मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता इकाई के माध्यम से लिंग पुनर्मूल्यांकन सर्जरी में सहायता दी जानी चाहिए। ट्रांसजेंडर उपचार वर्ल्ड प्रोफेशनल एसोसिएशन फॉर ट्रांसजेंडर हेल्थ (डब्ल्यूपाथ) मानकों के अनुसार किया जाता है।

# गीला और सूखा कचरा रखने मनपा देगी 120 लीटर का डिब्बा

## सोसायटीयो को व्हाटशॉप नंबर पर आवेदन करने की लगाई गुहार...




**मुंबई :** कचरा मुंबई में बड़ी समस्या बन गया है। मनपा प्रशासन द्वारा बार बार अपील करने के बावजूद गिला और सूखा कचरा अलग नहीं किया जा रहा है। डंपिंग ग्राउंड पर कचरे का अंबार बढ़ता जा रहा है। कचरे की समस्या से निपटने के लिए मुंबई की सोसायटियों और झोपड़ पट्टियों को गीला और सूखा कचरे का डिब्बा उपलब्ध कराएगी। मनपा उपायुक्त संजोग कबरे ने कचरे के डिब्बे उपलब्ध कराने की जानकारी देते हुए कहा कि जिन सोसायटियों को कचरे का डिब्बा की जरूरत है वह मनपा वार्ड कार्यालय अथवा मनपा ने एक व्हाटशॉप नंबर जारी किया है जिस पर सोसायटी को आवेदन करने की गुहार लगाई है।आवेदन करने के 10 दिन में मनपा दो कचरे का डिब्बा उपलब्ध कराएगी।

उल्लेखनीय है कि मुंबई में रोजाना 6 हजार मैट्रिक टन कचरा निकलता है।गिला कचरा और सूखा अलग अलग रखने के लिए मनपा सोसायटी को 120 लीटर का दो कचरे का डिब्बा उपलब्ध कराएगी। मनपा उपायुक्त संजोग कबरे ने कहा कि कचरे की समस्या से निपटने के लिए सोसायटी और झोपड़ पट्टियों को गिला और सूखा कचरा रखने के लिए दो अलग अलग डिब्बा उपलब्ध कराएगी।मनपा अभी तक कचरे का डिब्बा नगरसेवको के मार्फत देती थी।पिछले दो साल से मनपा में नगरसेवक नही होने से मनपा अब खुद कचरे का डिब्बा उपलब्ध कराएगी। मनपा 1 लाख 20 हजार कचरे का डिब्बा खरीदा है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ेगी और डिब्बे उपलब्ध कराए जाएंगे।मनपा 1 लाख 20 हजार कचरा डिब्बे के लिए 8 करोड़ रुपया खर्च की है। मनपा प्रशासन ने 7030079777 व्हाटशॉप नंबर जारी किया है। सोसायटी और झोपड़ के सोसायटी से अपील की है कि वह कचरा डिब्बा के लिए इस नंबर पर आवेदन भेजे। मनपा दस दिनों में कचरे का दो डिब्बा उपलब्ध कराएगी। मनपा दो साल पूर्व सोसायटियों को कचरा का डिब्बा उपलब्ध कराया था।

# रेलवे भर्ती प्रश्नपत्र बंटवारा मामले में सीबीआई ने 12 जगहों पर की छापेमारी




**मुंबई:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम रेलवे के रेलवे भर्ती केंद्र द्वारा आयोजित सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) के प्रश्न पत्रों के संबंध में मुंबई, सूरत, अमरेली, नवसारी, बक्सर सहित 12 स्थानों पर छापेमारी की है। इस ऑपरेशन में सीबीआई की टीमों ने अहम दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक सबूत जब्त किए हैं. पश्चिम रेलवे द्वारा दायर एक शिकायत पर, सीबीआई ने रेलवे भर्ती केंद्र द्वारा आयोजित सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) के प्रश्न पत्र लीक करने के आरोप में कुछ रेलवे अधिकारियों और मुंबई में एक निजी कंपनी के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि कुछ अभ्यर्थियों के पास व्हाट्सएप पर प्रश्नपत्र उपलब्ध था।



# डोंबिवली में मामूली बहस पर परिवार को पीटा, महिला के फाड़े कपड़े... शिकायत दर्ज




**डोंबिवली:** डोंबिवली पूर्व के छोलेगांव इलाके की एक इमारत में भीषण हादसा सामने आया है. शिकायतकर्ता सदानंद सालियान द्वारा रामनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उन पर और उनकी पत्नी पर उनके भवन में परिवार द्वारा कथित तौर पर हमला किया गया था। माना जा रहा है कि आरोपी परिवार ने सदानंद के परिवार को जान से मारने की धमकी दी है. शिकायत में सामने आई जानकारी के मुताबिक, सदानंद सालियान पिछले 10 साल से इस बिल्डिंग में रह रहे हैं. हाल ही में उन्होंने भवन सचिव का पद स्वीकार किया था. पिछले चार महीने से बिल्डिंग में पानी की समस्या होने के कारण 6 जनवरी को बिल्डिंग की छत पर बैठक हुई. बैठक में सदानंद सालियान और उजाला अंकुश पाटिल के बीच मामूली बहस हो गई जिसके बाद उजाला, उनकी पत्न ी अमृता और भाई रोहित पाटिल ने सालियान पर हमला कर दिया और उसकी पिटाई कर दी।

जब सलियन की पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उनके कपड़े फाड़ दिए गए और भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं. सलियन दंपति को इमारत की सीढ़ियों से धक्का देकर उन पर ईंटें और लकड़ी के तख्ते भी फेंके गए। सदानंद ने पुलिस से की है कि मारपीट के दौरान सालियान की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी.

# उबर ड्राइवर की डरावनी हरकत!

## स्पीड में कार चलाते समय देख रहा इस्टाग्राम रील्स... पीड़ित ने शेयर किया वीडियो

**मुंबई :** मुंबई से एक शख्स ने उबर ड्राइवर की एक वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है जो काफी वायरल हो रही है। इस वीडियो में उबर ड्राइवर इयरफोन लगाए रील्स देख कर गाड़ी चलाते नजर आ रहा है। शख्स ने इस वीडियो को (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर कर उबर और मुंबई ट्रैफिक पुलिस को भी टैग किया है ताकि सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के लिए ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। शख्स का नाम वेंकट है और उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'मैं इन दिनों उबर इंडिया में यात्रा करना सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा हूं क्योंकि ड्राइवर खतरनाक तरीके से गाड़ी चला रहे हैं। ये ड्राइवर अपने फोन



को गोद में रखकर मोबाइल पर वीडियो देख रहा है और गाड़ी भी चला रहा है। यह मुंबई में हुआ। वेंकट ने उबर मुंबई को टैग करते हुए पूछा, 'इसे रोकने के लिए आप क्या करेंगे?' वेंकट का ट्वीट वायरल होने के बाद, मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने वेंकट से अपने लोकेशन की जानकारी शेयर करने को कहा। इस पर वेंकट ने बताया कि सर, यह मानखुर्द से नवी मुंबई की ओर वाशी पुल से पहले की घटना है। मेरे पास गाड़ी का नंबर नहीं है। उबर से मुझे यह उपलब्ध कराने के लिए कहा है।'

### उबर ने भी किया रिप्लाई...

मुंबई ट्रैफिक पुलिस के अलावा उबर ने भी ट्वीट का जवाब दिया और लिखा, 'हाय वेंकट, सेफ्टी टूलकिट विकल्प कैंसिल ऑप्शन के ठीक बगल में स्थित है। एक बार जब आप 'सुरक्षा टूलकिट' विकल्प पर टैप करते हैं, तो अगला उबर सेफ्टी लाइन विकल्प चुनें। अंत में, हमारी समर्पित सुरक्षा टीम तक तुरंत पहुंचने के लिए 'कॉल करने के लिए स्वाइप करें' कॉलम पर क्लिक करें। वेंकट द्वारा एक दिन पहले वीडियो शेयर किए जाने के बाद से इस ट्वीट को 1.4 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। इसके अतिरिक्त, कई लोगों ने पोस्ट को रीट्वीट किया और कुछ ने कमेंट भी किया। कई लोगों ने ड्राइवर की हरकतों को 'डरावना' बताया, वहीं अन्य लोगों ने बताया कि उन्हें भी ऐसे ही अनुभव हुए थे।

# सिर पर गेंद लगने से एक क्रिकेटर की हो गई मौत!

**मुंबई:** माटुंगा में एक क्रिकेट मैच के दौरान सिर पर गेंद लगने से 52 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान जयेश चुन्नालाल सावला (52) के रूप में हुई है और वह भयंदर का रहने वाला है। इस मामले में माटुंगा पुलिस स्टेशन में मौत का मामला दर्ज किया गया है. सोमवार को माटुंगा पूर्व के दादकर मैदान में कच्छी समाज की क्रिकेट सीरीज चल रही थी. उस वक्त सावला मैच के दौरान फील्डिंग कर रहे थे. उस वक्त जब साइड पिच पर क्रिकेट मैच चल रहा था तो गेंद बल्लेबाज के सिर पर लगी और सावला नीचे गिर गए. उन्हें तुरंत लायन ताराचंद अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने सावला को मृत घोषित कर दिया। ये मैच 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए आयोजित किये गये थे।

# अफेयर के शक में शख्स ने घोंटा प्रेमिका का गला, होटल के कमरे में मिली लाश

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई स्थित होटल के कमरे में 35 वर्षीय महिला की कथित तौर पर उसके प्रेमी ने गला घोंटकर हत्या कर दी. पुलिस ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर मुंबई पुलिस ने आरोपी को पश्चिमी उपनगर साकी नाका स्थित उसके घर से पकड़ा. अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शोएब शेख (24) अपराध कर अपने गृहनगर भागने की योजना बना रहा था. अधिकारी ने बताया कि पूछताछ करने पर आरोपी ने खुलासा किया कि वह सोमवार को अपनी प्रेमिका एमी उर्फ अमित रवींद्र कौर (35) के साथ नवी मुंबई के एक होटल में रुका था. शोएब शेख को एमी पर दूसरे के साथ अफेयर होने का शक था और उसने गुस्से में आकर कथित तौर पर उसका गला घोंट दिया. इसके बाद वह होटल से चले गए. अधिकारी ने कहा कि खुलासे के बाद पुलिस को हत्या के बारे में सूचित किया गया और एक टीम को होटल भेजा गया, जहां कमरे में पीड़िता का शव मिला. अधिकारी ने बताया कि पीड़िता एक प्रइवेट बैंक में मैनेजर थी और सायन कोलीवाड़ा इलाके में रहती थी. अधिकारी ने



बताया कि शेख को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है. पूछताछ के दौरान शोएब ने पुलिस को हत्या के बारे में बताया. इसके बाद मुंबई पुलिस ने नवी मुंबई के तुर्भे इलाके में अपने समकक्षों को इस बारे में सूचित किया. पुलिस अधिकारी ने कहा, ''तुर्भे में पुलिस की एक टीम होटल पहुंची जहां उन्हें एक कमरे के अंदर महिला का शव मिला.'' उन्होंने कहा कि महिला आईडीएफसी बैंक की नवी मुंबई शाखा में प्रबंधक के रूप में कार्यरत थी. वह मुंबई के सायन कोलीवाड़ा इलाके की रहने वाली थी. अधिकारी ने बताया कि शव की बरामदगी के बाद शोएब को 302 (हत्या की सजा) सहित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया.

# साइबर हेल्पलाइन नंबर पर आए 1 लाख से ज्यादा कॉल्स...

## 26 करोड़ रुपये पीड़ितों को वापस... मुंबई पुलिस का काम काबिले तारीफ

**मुंबई:** जब अंडरवर्ल्ड की दहशत अपने चरम पर थी, तब किसी सरगना की यह कॉल किसी की भी नींद उड़ा देती थी कि एक खोका या 10 पेटी तैयार रखना। मेरा आदमी आएगा, उसे दे देना। यदि कुछ गड़बड़ की, तो भेजा उड़ा दूंगा। उस दौर में रोज करीब 50 कॉल्स आते थे उगाही के। सरगना के पंटर हफ्ते की रकम



अलग-अलग जगह से इकट्ठा करते थे। फिर इस रकम को अहमदाबाद और दूसरे कुछ खास शहरों में ले जाते थे। वहां से यह रकम हवाला के जरिए सरगनाओं के पास विदेश में पहुंचती थी। लेकिन साइबर ठगों ने तो धोखाधड़ी से कमाई के सारे रिकॉर्ड्स ही तोड़ दिए हैं। इसी से इसे समझा जा सकता है कि साइबर ठगी के शिकार लोगों की मदद के लिए पिछले साल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर 1,09,029 कॉल्स आए। यह आंकड़ा सिर्फ मुंबई का है। एक अधिकारी के अनुसार, प्रदेश के अन्य शहरों का भी रोज का कॉल्स का आंकड़ा औसतन 1200 से 1500 से बीच है। एक आईपीएस अधिकारी के अनुसार पुलिस में साइबर फ्रॉड के सिर्फ 5 प्रतिशत केस रिपोर्ट हो रहे हैं। बहुत से लोगों को पता ही नहीं होता कि जब अकाउंट से रकम निकल रही है, तो अकाउंट को ब्लॉक कैसे कराया जाए, पुलिस में रिपोर्ट कैसे कराई जाए?

जितनी जल्दी कॉल, उतना अच्छा साइबर क्राइम ब्रांच के डीसीपी डॉक्टर डीएस स्वामी कहते हैं कि ठगी के बाद जितनी जल्दी लोग पुलिस के पास जाएंगे या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करेंगे, उनकी रकम वापसी की उतनी ही संभावना बनी रहेगी।

# डोंबिवली में एक डॉक्टर के घर में महिला नौकरानी उषा ने 6 लाख से ज्यादा के सोने के गहने किये चोरी...

**डोंबिवली:** शहर में घरेलू नौकरों द्वारा चोरी की घटनाएं बढ़ने से नागरिकों में बेचैनी का माहौल बन गया है. ऐसे में नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि अगर नौकरानियां घर में चोरी करने लगें तो किस पर भरोसा करें और किससे काम कराएं। यहां एक महिला डॉक्टर के घर से नौकरानी ने छह लाख से ज्यादा के सोने के गहने चोरी कर लिए। पिछले



दस वर्षों के दौरान डॉ. ऐसा हुआ है अश्विनी आशीष सावंत के घर में. इस चोरी के मामले में डॉ. अश्विनी सावंत ने दिनदयाल क्रॉस रोड पर महात्मा फुले नगर झुग्गी की नौकरानी उषा वटोले पर संदेह जताया, जो उनके घर में काम करती थी और उसके खिलाफ मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डॉ। सावंत के घर में काम करते समय, एक नौकरानी उषा, डॉ. सावंत ने अपने घर से 6 लाख 23 हजार रुपये का सोना चुरा लिया. चूंकि घर में चोरी नहीं हुई थी बल्कि पैसे चोरी हुए थे, इसलिए सावंत ने अपनी नौकरानी पर शक जताया और उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया। मानपाड़ा पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिछले साल डोंबिवली इलाके में सात से आठ घटनाओं में यह बात सामने आई है कि घर के नौकरों ने घर से सोना चुराया है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com